पत्रांक :– 212 /पी०पी०ओ०

**बिहार पुलिस मुख्यालय**

(संचार प्रभाग)

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक (वितंतु),
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 17-10-2023

विषय :– **निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2023–24/पी०पी०ओ० के प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि निविदा आमंत्रण सूचना सं०–05/2023–24/पी०पी०ओ० की प्रतियाँ भेजते हुये अनुरोध है कि इसे राज्य एवं राज्य के बाहर के प्रमुख सामाचार पत्रों में (अंग्रेजी एवं हिन्दी) के अगले दो संस्करणों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाये। साथ ही पी०आर०डी० वेबसाईट तथा बिहार पुलिस विभाग के वेबसाइट पर भी प्रसारित करने की कृपा की जाये।

अनु० :– यथोपरि।

विश्वासभाजन

17.10.23

पुलिस अधीक्षक (वितंतु),
बिहार, पटना।

प्रतिलिपि :–

1. अपर पुलिस महानिदेशक (प्रोविजन), बिहार पटना को सूचनार्थ कृपया। संलग्न विज्ञापन सूचना को प्रकाशनार्थ संबंधित शाखा को निदेशित करने की कृपा की जाये।
2. आई०टी० मैनेजर, पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार पटना को सूचनार्थ कृपया। कृपया संलग्न विज्ञापन सूचना को सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार पटना को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ भेजने तथा पुलिस विभाग के वेबसाईट police.bihar.gov.in पर भी प्रसारित किया जाये।
3. पुलिस अधीक्षक, आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। संलग्न विज्ञापन सूचना को बिहार पुलिस के वेबसाइट पर प्रसारित किया जाय।

17.10.23

पुलिस अधीक्षक, (वितंतु)
बिहार, पटना।

18 OCT 2023

Scanned with OKEN Scanner

# बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, नेहरू मार्ग, पटना

## निविदा सूचना संख्या- 05/2023-24/पी0पी0ओ0

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम:- | पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना। |
| 2. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता:- | पुलिस अधीक्षक (वितंतु), बिहार, पटना। विहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन 'ई' ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नम्बर-612, नेहरू मार्ग, पटना। |
| 3. | निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय:- | निविदा प्रकाशित होने की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक-13.11.2023 के 15:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा के तकनीकी भाग को खोलने की तिथि:- | दिनांक-13.11.2023 को 16:00 बजे। |
| 5. | निविदा समर्पित करने का स्थान:- | विहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन 'ई' ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नम्बर-612, नेहरू मार्ग, पटना। |
| 6. | अनुमानित राशि:- | रू०-15,00,000/-(पन्द्रह लाख रूपये) या उससे अधिक |
| 7. | मद का नाम:- | 300 अदद Motorola NI-CD Li-on 7.4 Volt 2250 MAh Battery for Motorola 05 Watt Digital Hand Held Vhf Set Model-XIRP 8668i (Original Motorola Bty.) |

## निविदा के नियम एवं शर्त

(1) उपर वर्णित मदों के निर्माता फर्म या अधिकृत विक्रेता/प्राधिकृत डीलर या एजेन्ट को उनके उत्पादनकर्ता फर्म का प्राधिकार पत्र, प्राप्त विक्रेता फर्म ही इस निविदा में भाग लेगें।

(2) निविदाकर्ता को बिहार वित्त नियमावली के नियम-131ञ के आलोक में दो वोली प्रणाली के तहत दो भागों में निविदा निम्नरूपेण समर्पित करना होगा।

(क) तकनीकी भाग जिसमें निम्न वर्णित वाणिज्यिक शर्तो एवं प्रतिवंधों के साथ सभी तकनीकी ब्योरा शामिल रहेगा।

(ख) **वित्तीय भाग में,** तकनीकी भाग में शामिल की गयी इकाईयों का इकाईवार मूल्य दर्शाया जायेगा।

(3) **निविदा के तकनीकी भाग में निम्नलिखित अभिलेख संलग्न होने चाहियेः-** (i) जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र (ii) पैन नम्बर की छाया प्रति (iii) निर्माता फर्म होने या आपूर्तिकर्ता फर्म होने या आपूर्तिकर्ता के द्वारा अधिकृत विक्रेता का प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (iv) विगत तीन वित्तीय वर्षो यथा 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 का आयकर रिटर्न की छायाप्रति (v) रूपये 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये मात्र) का अग्रधन बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो पुलिस अधीक्षक(वितंतु), विहार, पटना के नाम Pledged रहेगा। (vi) चार्टेड एकाउटेंट द्वारा तैयार किया गया निविदाकर्ता फर्म का वार्पिक ऑडिटेड विगत तीन वित्तीय वर्षो का रिपोर्ट एवं निविदा में भाग लेने वाले मद में कुल प्रस्तावित खर्च का दुगना राशि का टर्न ओभर की छायाप्रति (vii) निविदाकर्ता को निविदा के तकनीकी भाग के साथ अद्यतन मूल शपथ प्रमाण पत्र समर्पित करना होगा जिसमें उल्लेख हो कि फर्म किसी भी सरकारी संस्था/अर्द्ध सरकारी संस्था एवं किसी प्राईवेट एजेन्सी द्वारा black listed/debarred नहीं है एवं उक्त शपथ पत्र में यह भी अंकित हो कि निविदाकर्ता फर्म पर कोई जालसाजी, धोखाधड़ी आदि का

Scanned with OKEN Scanner

अपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है एवं Sister Concern द्वारा इस निविदा में भाग नहीं लिया जा रहा है। (viii) निविदाकर्ता को निविदा में समर्पित की गयी वांछित अभिलेखों को सूचीबद्ध करना होगा। (ix) जिन सामानों के लिए निविदा दी जा रही है उन मदों की सूची संलग्न होनी चाहिए।

निविदा के वित्तीय भाग में ही फर्म द्वारा प्रस्तावित मद की तकनीकी विवरणी वाणिज्यिक शर्तो एवं प्रतिबंधों इत्यादि का स्पष्ट उल्लेख निविदाकर्ता द्वारा किया जायेगा। दरों की वैद्धता 31 मार्च 2024 तक होगी। निविदित मद के लिए दी जाने वाली गारण्टी अवधि का भी उल्लेख निश्चित रूप से होना चाहिए। गारण्टी/वारण्टी अवधि की वैधता विभागीय तकनीकी जाँच समिति के द्वारा जाँचोपरान्त प्रतिवेदन समर्पित करने की तिथि से मानी जायेगी।

(4) वित्तीय भाग में, तकनीकी भाग में शामिल की गई मदों का ईकाईवार मूल्य निम्नलिखित ढंग से अंकित होगा -(क) प्रस्तावित मद का मूल्य प्रति इकाई (ख) देय जी0एस0टी0 (ग) दर एवं जी0एस0टी0 सहित नेट मूल्य प्रति इकाई अंकों एवं शब्दों में साफ-साफ टंकित रहना चाहिए। दरों में किसी प्रकार का कटिंग/ओभर राइटिंग मान्य नहीं होगा।

(5) तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अलग-अलग लिफाफों में सीलबंद होनी चाहिए एवं उनपर तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अंकित होनी चाहिए। दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर एवं सीलबंद कर इसपर निविदा एवं प्रकाशित निविदा सूचना की निविदा संख्या मात्र अंकित रहेगी। उसपर निविदाकर्ता अपना फर्म का नाम किसी भी हाल में अंकित नहीं करेंगें। सीलबंद लिफाफा को उपरोक्त तिथि एवं समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित किया जायेगा।

(6) मदों की आपूर्ति बिहार पुलिस रेडियो, टी0एक्स0 भवन, बेली रोड, पटना में ली जायेगी। इसके लिए अलग से पैकिंग, Forwarding, Insurance अथवा भाड़ा देय नहीं है और न हीं अग्रिम भुगतान का कोई प्रावधान है।

(7) निविदा के तकनीकी भाग निर्धारित तिथि 13.11.2023 एवं समय 16:00 बजे को विहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, पटना में समिति द्वारा खोला जायेगा। उक्त अवसर पर निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

(8) विपत्रों की भुगतान की कार्रवाई बिहार पुलिस रेडियो संगठन के तकनीकी दल के जाँचोपरान्त उनके प्रतिवेदन के बाद इस संगठन द्वारा मद को स्वीकार करने के बाद ही प्रारंभ की जायेगी।

(9) निविदा मद में प्रकाशित उपकरणों/सहायक उपकरण China निर्मित नहीं होना चाहिए।

(10) उपरोक्त किसी भी वांछित सूचना एवं अभिलेखों को शर्तो के अनुसार वित्तीय भाग एवं तकनीकी भाग में उपलब्ध नहीं कराये जाने पर निविदा बिना विचार किये तत्क्षण रद्द कर दिये जायेंगे। तकनीकी भाग में समर्पित अभिलेखों के आधार पर वैद्य पाये जाने वाले निविदाकर्ताओं की ही वित्तीय भाग खोली जायेगी और इस संबंध में विज्ञापनदाता का निर्णय ही सभी फर्मो के लिए बाध्यकारी होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।

(11) इस विज्ञापन सूचना को बिहार पुलिस विभाग के वेबसाईट police.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें एवं वितन्तु, बिहार, पटना को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये एवं बिना किसी सूचना के किसी भी समय निविदा को रद्द कर दें अथवा निर्धारित मदों में आवश्यकतानुसार वर्णित संख्या को घटा दे या बढ़ा दें।

17.10.23

पुलिस अधीक्षक(वितंतु),
बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner